दैनिक जागरण 30/11/2024

नारा लेखन प्रतियोगिता का किया आयोजन

जीएमएन कालेज में जागरूकता कार्यक्रम में हिस्सा लेते हुए • सौजन्य कालेज

जासं • अंबाला : गांधी मेमोरियल नेशनल कालेज अंबाला छावनी के हिंदी, पंजाबी और संस्कृत विभाग ने महिलाओं के खिलाफ हिंसा और बाल विवाह के उन्मूलन जैसे गंभीर सामाजिक मुद्दों पर जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से एक नारा लेखन प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया। यह कार्यक्रम समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए कॉलेज द्वारा चलाए जा रहे सामाजिक चेतना अभियान का एक महत्वपूर्ण हिस्सा था। प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों के बीच जागरूकता बढ़ाना और उन्हें समाज के इन गंभीर मुद्दों को समझने और समाधान के प्रति प्रेरित करना था। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और प्रभावशाली नारों के माध्यम से अपने विचार प्रस्तुत किए। प्राचार्य डॉ रोहित दत्त ने कहा महिलाओं के खिलाफ हिंसा और बाल विवाह जैसे मुद्दे केवल व्यक्तिगत नहीं बल्कि सामाजिक और राष्ट्रीय विकास के लिए भी बाधा हैं।